DyEO (VK)
15/6/2020

SEO(KS)
15/06/2020

बिहार सरकार

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग

कतरन संख्या ....

तिथि 201

समाचार-पत्र का नाम .... हिन्दुस्तान

प्रकाशन तिथि 12/06/2020

मंत्री/अपर मुख्य सचिव/आयुक्त

.... विभाग

के अवलोकनार्थ

सहायक निदेशक (प्रेस)

(एच० आर० श्रीनिवास)

निर्देश : बिहार चुनाव की तैयारी समय से हो

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने सभी प्रारंभिक तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। आयोग ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार को इस संबंध में जिलों में ईवीएम को मंगाने, सभी बूथों का भौतिक निरीक्षण सहित अन्य कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। बिहार चुनाव को लेकर पहली बार चुनाव आयोग के स्तर से ये बैठक आयोजित की गई।

निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त चंद्रभूषण कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार एचआर श्रीनिवास व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उप निर्वाचन आयुक्त ने बिहार चुनाव को लेकर अबतक किये कार्यों की जानकारी ली।

आयोग की बैठक

- उप निर्वाचन आयुक्त ने की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संग बैठक
- बिहार चुनाव को लेकर अबतक किये कार्यों की जानकारी ली

सूत्रों के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सारे जिलों में सभी 72 हजार बूथों के भौतिक सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। 21 जून तक इन्हें पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

संबंधित खबर पेज 07

बूथों के पास अतिरिक्त भवनों को चिह्नित किया जा रहा

पटना। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त चंद्रभूषण कुमार के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार एचआर श्रीनिवास ने उन्हें कई जानकारियां दीं।

बताया कि कोरोना के संक्रमण को लेकर सोशल डिस्टेंसिंग के दिशा-निर्देशों के पालन का भी निर्देश दिया गया है। कोरोना संकट को देखते हुए बूथों के समीप अतिरिक्त भवनों को भी चिन्हित किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि 2019 के चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था के उल्लंघन के अभी 15 मामले लंबित हैं, उन्हें भी दूर करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नए ईवीएम से चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। इसके लिए जिलों को अविलंब पुराने ईवीएम हटाने को कहा गया है। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार बैजुनाथ कुमार सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

सात सहायक निर्वाचन विभाग में तैनात : प्रशाखा पदाधिकारी समेत सात सहायकों की तैनाती निर्वाचन विभाग में की गई है। गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादले का आदेश जारी कर दिया। पटना के प्रमंडलीय आयुक्त के कार्यालय में पदस्थापित किशोर कुमार का तबादला प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर निर्वाचन विभाग में किया गया है। वहीं सहायकों में गौरी शंकर प्रसाद, सुबोध कुमार, विवेक कुमार, हेमंत कुमार वर्मा, चंदन कुमार, योगेश कुमार राय और सिद्धांत कुमार भी निर्वाचन विभाग में तैनात किए गए हैं।

बि०स०मु० (सूचना एवं जनसम्पर्क)-1-ऑफसेट-2,00,000-6.9.2018